



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने गीतकार सुभाष बड़थ्वाल द्वारा निर्मित दो गीतों का विमोचन किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने मुख्यमंत्री आवास में गीतकार सुभाष बड़थ्वाल द्वारा निर्मित दो गीतों का विमोचन किया। यह दोनों ही गीत पुष्कर सिंह धामी सरकार के कामों सहित पिछले 4 वर्ष के उत्तराखंड सरकार के कामों और केंद्र सरकार के कामों पर आधारित है। इस अवसर पर सुभाष बड़थ्वाल सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय अजेद्र, राजीव तलवार , हरीश चमोली ,विश्वजीत नेगी , आदित्य बड़थ्वाल मौजूद थे।

### बिजली–पानी के बिलों में बढ़ोतरी के खिलाफ होगा आंदोलन

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड जन विकास मंच ने बिजली व पानी के बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि व नगर निगम ऋषिकेश में अतार्किक रूप से लगाए गए स्वकर निर्धारित संपत्ति कर में 50 प्रतिशत छूट के प्रावधान को समाप्त करने की मांग की है। मंच ने 10 दिन के भीतर मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। शुक्रवार को मंच ने बिजली के बिलों में वसूले जा रहे निर्धारित चार्ज, फ्यूल चार्ज, विद्युत कर, ग्रीन कर को समाप्त करने व पानी के बिलों में 15 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि नगर निगम ऋषिकेश ने अपने उपभोक्ताओं से स्वकर निर्धारित संपत्ति कर पूरा वसूला जा रहा है।

### डीआईटी विश्वविद्यालय देहरादून में प्लेसमेंट उत्सव

**संवाददाता** देहरादून। कन्फ्यूशियस ने एक बार कहा था, शिक्षा आत्मविश्वास पैदा करती है, आत्मविश्वास आशा पैदा करता है और आशा शांति पैदा करती है। शिक्षा स्वतंत्रता के सुनहरे दरवाजे को खोलने की कुंजी है। डीआईटी विश्वविद्यालय न केवल कक्षा की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि हम छात्रों को उनके समग्र विकास के लिए भी पोषित करते हैं। डीआईटी विश्वविद्यालय, देहरादून एक मजबूत उद्योग इंटरफेस और एक उत्कृष्ट प्लेसमेंट ट्रैक रिकॉर्ड के साथ एक प्रीमियम संस्थान है।

### केएफसी इंडिया ने अपनी नई एक्सप्रेस पिक अप सर्विस पेश की

**संवाददाता** देहरादून। जरा याद कीजिए उस वक्त को जब आप दिन में भी अपनी पसंदीदा केएफसी चिकन बकेट के सपने देखा करते थे और सोचते थे कि काश आपको वह फौरन मिल जाए आपके इन्हीं सपनों को न सिर्फ साकार करते हुए बल्कि उन्हें जल्द साकार करते हुए केएफसी इंडिया ने अपनी नई एक्सप्रेस पिक अप सर्विस पेश की है यानी आपका टेकअवे ऑर्डर अब सिर्फ 7 मिनट में तैयार हो जाएगा 7 मिनट में सुरक्षित तरीके से पैक होके पिक–अप के लिए तैयार और बिल्कुल गरमागरम और स्वादिष्ट भी होगा।

# हमारा संविधान हमारी व्यवस्था और हमारे समाज का पथ प्रदर्शक

**श्रद्धांजलि**

■ सीएम और विस अध्यक्ष ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल ने संविधान दिवस के अवसर पर विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा संविधान अनेकों विशेषताओं से भरा हुआ है। संविधान नागरिकों को ना केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाता है, बल्कि हमारे कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करता है। हमारा संविधान हमारी व्यवस्था और हमारे समाज का पथ प्रदर्शक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान, सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है। उनके द्वारा लिए गये निर्णयों से भारत को वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान मिली है। मोदी जी के प्रयासों से 21 जून को विश्वभर में योग दिवस मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के मुख्य सेवक की शपथ लेने के बाद मैंने प्रत्येक क्षण प्रदेशवासियों को समर्पित करने का प्रयास किया है। जन हित में अनेक निर्णय लिए हैं। समाज के हर वर्गों को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जा रहे हैं। राज्य में कोरोना की प्रथम डोज शत प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य दिसम्बर 2021 तक रखा गया था, जो कि अक्टूबर 2021 में ही पूर्ण किया जा चुका है। कोरोना की दूसरी डोज के शत प्रतिशत का लक्ष्य भी 15 दिसम्बर 2021 तक पूर्ण किया जायेगा।

विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल ने प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 1949 में आज ही के दिन हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ। 02 वर्ष 11 माह एवं 18 दिन हमारे संविधान के निर्माण में लगे। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का बोध कराता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश के समग्र विकास के लिए हर वर्गों को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जा रहे हैं। युवा, महिला, किसान, गरीब, मजदूर सबकी चिंता प्रधानमंत्री जी ने की है। भारत में विश्व का सबसे बड़ा कोविड टीकाकरण अभियान चलाया गया है। देश में 118 करोड़ कोविड टीकाकरण हो चुका है। राज्य में शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण की प्रथम डोज होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर का अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल 2017 को मैंने निर्णय लिया कि विधानसभा के प्रत्येक कक्ष एवं सभी सरकारी कार्यालयों में बाबा भीमराव अंबेडकर का चित्र लगेगा। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर एक साधारण व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द, स्वामी ईश्वरदास, सचिव विधानसभा श्री मुकेश सिंघल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



*हमारा संविधान अनेकों विशेषताओं से भरा हुआ है। संविधान नागरिकों को ना केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाता है, बल्कि हमारे कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करता है।*

–पुष्कर सिंह धामी, सीएम।

# 2025 तक सड़क व हेली सेवा से जुड़ेगा उत्तराखंड का हर गांव

**योजना**

■ स्याल्दे ब्लाक के आर्य इंटर कालेज में सीएम ने आंदोलन की पवित्र भूमि को किया नमन

**पीएम ने की उत्तराखण्ड के लिए 2030 तक विशेष पैकेज की घोषणा**

सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के लिए वर्ष 2030 तक विशेष पैकेज देने की घोषणा की है। केंद्र सरकार प्रदेश में रोजगार बढ़ाने और पलायन रोकने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर रही है। जो जल्द ही कार्य करना शुरु कर देगी। उन्होंने कहा कि सल्ट विधानसभा में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे है। जो कार्य छूट गए है उन्हें भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा। जो घोषणाएं यहां की जा रही है उस पर जल्द ही शासनादेश भी जारी होगा।

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंटर कालेज स्याल्दे में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड काल में जिन बच्चों ने अपने माता–पिता खोए है उनको 21 साल पूरे होते ही सरकारी नौकरियों में पांच प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। 2025 तक उत्तराखंड के प्रत्येक गांव तक सड़क पहुंच जाएगी और हर जिले को हेली सेवा से जोड़ दिया जाएगा।

शुक्रवार को स्याल्दे ब्लाक के आर्य इंटर कालेज में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आंदोलन की पवित्र भूमि को नमन करते हुए सरकार के माध्यम से चलाई जा रही विकास योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के प्रत्येक अस्पताल में आयुष्मान कार्ड चलेगा। अगर कोई अस्पताल इसे लेने से मना करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन करने के लिए अब युवाओं को किसी प्रकार का शुल्क नही देना होगा। विभिन्न सरकारी विभागों में 10 हजार नौकरियों के लिए विज्ञप्ति प्रकाशित कर दी गई है। जल्द ही और भर्तियां की जाएगी। उन्होंने कहा कि नई खेल नीति बना दी गई है। जो भी प्रतिभावान बच्चे होंगे उन्हें सरकार आर्थिक मदद देगी। इसके अलावा जो बच्चा आइएसएस, पीसीएसस की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करेगा उसे मुख्य परीक्षा के लिए 50 हजार रुपया आर्थिक सहायता दी जाएगी।

उन्होंने मौके पर तीन लोगों को वात्सल्य योजना तहत 50–50 हजार के चेक वितरित किए। इसके अलावा युवक, महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन राशि के चेक व सहकारिता बाल विकास व स्वयं सहायता समूह की योजनाओं के लाभार्थियों के चेक बांटे गए। सीएम ने आर्य इंटर कालेज का गेट निर्माण, कहड़गांव में पेयजल लिफ्ट योजना, स्याल्दे बाजार में वाहन पार्किंग सहित दो दर्जन योजनाओं की घोषणाएं की।

### लाइन शिफ्टिंग मामले में यूपीसीएल ले रहा जीएसटी पर चक्रवृद्धि जीएसटीः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि व्यक्तिगत तौर पर विद्युत लाइन शिफ्टिंग एवं बनवाने लंबी दूरी से विद्युत संयोजन लेने हेतु अतिरिक्त विद्युत पोल स्थापित करने के मामले में यूपीसीएल प्रदेश की जनता को टैक्स के नाम पर लूटने का काम कर रहा है, जिस पर सरकार को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। नेगी ने कहा कि इतनी भारी–भरकम लूट के बावजूद भी सरकार की खामोशी निश्चित तौर पर चिंताजनक है। मोर्चा सरकार से मांग करता है कि इस लूट को बंद करने के लिए तुरंत कार्रवाई करे। पत्रकार वार्ता में विजय राम शर्मा व सुशील भारद्वाज मौजूद थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।